ERIC GARCETTI
MAYOR

कार्यकारी निर्देश संख्या. 32

जारी करने की तारीख: दिसंबर 16, 2021

विषय: लॉस एंजेलिस शहर में भाषायी पहुँच को मज़बूत करना

लॉस एंजेलिस सभी के लिए है— जहां दुनिया के हर कोने से लोगों का, अपने सपने पूरे करने, अपना परिवार बढ़ाने और हमारे शहर के जीवन और इतिहास में अपना सकारात्मक योगदान देने के लिए स्वागत है।

हमारी विविधता को परिभाषित करने वाला सबसे बड़ा चिन्ह है लॉस एंजेलिस क्षेत्र में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाएं — कुछ अनुमानों में 220 से भी ज़्यादा — और बहु-भाषाई अप्रवासी समुदायों के आर्थिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनैतिक कल्याण को सुरक्षित रखने के काम के साथ आने वाले फ़ायदे और चुनौतियाँ। वे व्यक्ति जो अपनी मुख्य भाषा के रूप में इंग्लिश नहीं बोलते हैं और जिनकी इंग्लिश पढ़ने, बोलने, लिखने या समझने की सीमित क्षमता है, उन्हें इंग्लिश भाषा सीखने वाले (इंग्लिश लैंग्वेज लर्नर्स, ELL) कहा जाता है। यह पदनाम हमारे शहर के 538,800 से अधिक अप्रवासी निवासियों पर लागू होता है, जो लॉस एंजेलिस की अप्रवासी आबादी के 37% से अधिक का प्रतिनिधित्व करते हैं।

मैंने सिटी सेवाओं, आउटरीच और पक्षसमर्थन के समन्वय के द्वारा अप्रवासी एकीकरण का समर्थन करने और उसमें तेज़ी लाने के लिए, मेयर के अप्रवासी मामलों के कार्यालय (ऑफिस ऑफ इमिग्रेंट अफेयर्स) की स्थापना की, ताकि बेहतर ढंग से यह सुनिश्चित किया जा सके कि लॉस एंजेलिस के सभी निवासियों को — अप्रवास स्थिति या बोलचाल की भाषा की परवाह किए बिना— सामुदायिक संसाधनों, सरकारी सेवाओं तक पहुँच, नागरिक जीवन में भाग लेने, और उनके जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाले कानूनों और नीतियों के बारे में जानकारी से सम्बद्ध होने का हर संभव अवसर मिले।

हमारे लोगों पर महामारी के प्रभाव ने इस काम की जीवन रक्षक गंभीरता पर ध्यान दिलाया है — और एक पेशेवर, उच्च गुणवत्ता वाली भाषा सुगमता सेवाएं प्रदान करने के लिए एक मज़बूत, केंद्रीकृत तरीके

को लागू करने की तुरत आवश्यकता को रेखांकित किया है। समय की मांग है कि हम सिटी ऑफ लॉस एंजेलिस में शहर-व्यापी भाषा सुगमता प्रोग्राम स्थापित कर के मेरे प्रशासन की भाषा सुगमता नीतियों को संस्थागत रूप दें, जो निष्पक्षता पर केंद्रित हो और हमारे द्वारा पहले से ही प्राप्त प्रगति की असाधारण सुरक्षा के लिए एक स्पष्ट मार्ग निर्धारित करके भविष्य की उन्नति के लिए नींव को मजबूत करने पर केंद्रित हो।

सिटी ऑफ लॉस एंजेलिस के लिए शहर-व्यापी भाषा सुगमता प्रोग्राम स्थापित करने के हमारे जारी प्रयासों को सहयोग देने के लिए, मैं अतएव निम्नलिखित निर्देश देता हूँ:

1. **एक मार्गदर्शन करने वाली भाषा सुगमता योजना (शुरुआती योजना) बनाएं, जो शहर-व्यापी भाषा सुगमता और सुगम संचार प्रोग्राम की नींव तैयार करे और सिटी के विभागों के लिए एक मॉडल के रूप में काम करे।** मेयर का अप्रवासी मामलों का ऑफिस वित्तीय वर्ष 2021-2022 के अंत तक एक शुरुआती योजना बनाने की पहल करेगा। यश शुरुआती योजना सभी लागू वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करेगी और संघटक सेवाओं समेत सूचना, प्रोग्रामों और सेवाओं तक अर्थपूर्ण पहुँच सुनिश्चित करने के लिए मेयर के ऑफिस द्वारा बनाई गई नीतियों और कार्यों को निर्धारित करेगी। शुरुआती योजना शहर-व्यापी भाषा सुगमता प्रोग्राम के लिए आधारभूत डॉक्युमेंट के रूप में काम करेगी और शहर के विभागों की व्यक्तिगत भाषा सुगमता योजनाओं के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगी, जैसा कि नीचे भाग 3 में बताया गया है।
    a. शुरुआती योजना को नियमित रूप से शहर-व्यापी भाषा सुगमता कोऑर्डिनेटर द्वारा आधुनिकीकरण किया जाएगा, जैसा कि नीचे भाग 2 में बताया गया है, और जैसा कि कानून द्वारा आवश्यक है और सेवा प्राप्त कर रही जनसंख्या में बदलाव के आधार पर किया जाएगा। शुरुआती योजना में होने वाले किसी भी बदलाव को मेयर के ऑफिस की वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा।
    b. शुरुआती योजना शहर-व्यापी भाषा सुगमता प्रोग्राम के लक्ष्यों और मापदंडों को स्थापित करेगी जो सिटी के विभागों के लिए इस कार्यकारी निर्देश के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भावी बजट आग्रह तैयार करने में एक गाइड के रूप में काम आ सकती है।

2. **एक शहर-व्यापी भाषा सुगमता कोऑर्डिनेटर की भूमिका स्थापित करें।** शुरुआती योजना, कोऑर्डिनेटर की भूमिका और अतिरिक्त सहायक कर्मचारियों को समाहित करने की क्षमता रख सकने वाले, एक नामित मेयर कार्यालय या शहर विभाग के भीतर एक शहरव्यापी भाषा सुगमता कोऑर्डिनेटर (कोऑर्डिनेटर) भूमिका की स्थापना की रूपरेखा तैयार करेगी।

    a. कोऑर्डिनेटर शुरुआती योजना में ताज़े बदलाव करके और उसके कार्यान्वयन की देखरेख करके और शहर-व्यापी भाषा पहुँच जरूरतों को पूरा कर के भाषा सुगमता प्रोग्राम का नेतृत्व करेगा/गी।

b. कोऑर्डिनेटर, नीचे भाग 5 में परिभाषित तरीके से, जनरल मैनेजरों, विभाग/ऑफिस के अध्यक्षों, और/या भाषा सुगमता संपर्कों के द्वारा सभी लॉस एंजेलिस निवासियों के काम आने वाली शुरुआती योजना में मुनासिब ताज़ा बदलाव करने के लिए, सीधे सिटी विभागों के साथ, डाटा और डॉक्युमेंट समेत प्रासंगिक जानकारी इकट्ठा करने काम करेगा।

c. कोऑर्डिनेटर, लॉस एंजेलिस के निवासियों के लिए उपलब्ध मौजूदा शहर-द्वारा प्रदान भाषा सुगमता संसाधनों पर सलाह देगा, जिस में इस भूमिका का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों या स्टाफ सहित किसी भी उभरती जरूरतों पर सलाह देना शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।

3. **सिटी के विभाग अपने खुद की भाषा सुगमता योजनाएं बनाएंगे (विभाग योजनाएं)।** वे सिटी विभाग जिनके पास कोई मौजूदा भाषा सुगमता योजना नहीं है, शुरुआती योजना में दिए गए एक टेम्पलेट को अपना सकते हैं और विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के प्रकार के अनुसार, उपयुक्त के रूप से, इसमें बदलाव कर सकते हैं।
   a. विभाग योजना में, कानून के अनुसार और सेवा प्राप्त करने वाली जनसंख्या में बदलाव के अनुसार, नियमित रूप से ताज़ा बदलाव किए जाने चाहिए और उसे सिटी विभाग की वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाना चाहिए।

4. **सिटी के विभाग भाषा सुगमता डेटा की रिपोर्ट शहर-व्यापी भाषा सुगमता कोऑर्डिनेटर को देंगे।** सिटी के सभी विभागों को शुरुआती योजना के अनुसार भाषा सुगमता डाटा के बारे में नियमित ताज़ा खबरें देनी होंगी। रिपोर्ट करने योग्य डेटा में उन सामग्रियों और घटनाओं की संख्या शामिल होगी जिनके लिए विभाग ने क्रमशः अनुवाद और व्याख्या प्रदान की, और किन भाषाओं में, भाषा सुगमता सेवाओं के आग्रहों की संख्या, आग्रह की गई सेवाओं के प्रकार और जिन भाषाओं के लिए सेवाओं का आग्रह किया गया था। रिपोर्ट कोऑर्डिनेटर को दी जाएगी।

5. **हर एक सिटी विभाग के लिए एक भाषा सुगमता संपर्क व्यक्ति पदनामित किया जाए।** सिटी के सभी विभाग एक भाषा सुगमता संपर्क व्यक्ति पदनामित करेंगे जो सिटी विभाग और कोऑर्डिनेटर के बीच सम्पर्क का काम करेगा।

   a. कोऑर्डिनेटर को उस व्यक्ति का नाम और संपर्क जानकारी बताई जाएगी (जिसमें बाद में क्रम से होने वाले बदलाव या उस व्यक्ति की संपर्क जानकारी में बदलाव शामिल है)।
   b. भाषा सुगमता संपर्क, नीचे दिए गए भाग 6 (a) के तहत उल्लिखित कार्यकारी समूह मीटिंगों में शामिल होगा और सक्रिय रूप से भाग लेगा।

c. ऊपर दिए भाग 2 (a) के तहत उल्लिखित शुरुआती योजना में ताज़ा बदलाव करने में कोऑर्डिनेटर के प्रयासों में सहयोग देने के लिए, डेटा और डॉक्युमेंट सहित सभी प्रासंगिक जानकारी को इकट्ठा करने में भाषा सुगमता संपर्क कोऑर्डिनेटर के साथ सीधे काम करेगा।

6. **मौजूदा शहर-व्यापी भाषा सुगमता कार्यकारी समूह को संस्थागत बनाना।** शहर-व्यापी भाषा सुगमता कार्यकारी समूह (कार्यकारी समूह) शुरुआती योजना द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, ELL लॉस एंजेलिस निवासियों के लिए सिटी जानकारी, प्रोग्रामों और सेवाओं तक पहुँच को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा।

a. कार्यकारी समूह का नेतृत्व कोऑर्डिनेटर द्वारा किया जाएगा और हर एक सिटी विभाग के भाषा सुगमता संपर्कों को नियमित रूप से इस में शामिल होना होगा।

इस 16 दिसंबर, 2021 को निष्पादित किया गया।

____

एरिक गारसेट्टी (ERIC GARCETTI)
मेयर